**विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री अनूप कुमार गुप्ता, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-28 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **28- (क) क्या उप मुख्य मंत्री ( ग्राम्य विकास ) बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-197 बीजेपी यूपी-2023 दिनांक 29/07/2023 जो कि मा0 ग्राम्य विकास राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को ग्राम पंचायत वली गेरावॉ, तह0 हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी में उमा बक्श के दरवाजे से चन्द्रिका सिंह के दरवाजे तक नाली एवं आर0सी0सी0 सड़क की लम्बाई लगभग 300 मीटर का निर्माण कराये जाने के संबंध में प्रेषित था, कब प्राप्त हुआ है?** | जी हाँ,<br>उक्त पत्र दिनांक 09.08.2023 को प्राप्त हुआ। |
| **(ख) क्या आर0सी0सी0 सड़क एवं नाली का निर्माण करा दिया गया है?** | सन्दर्भित आर0सी0सी0 रोड की लम्बाई 204.5 मी0 है। यह सड़क कई वर्ष पूर्व में बनायी गयी थी, जिसमें से 84.5 मी0 मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसे ग्राम पंचायत द्वारा सही करा दिया गया है तथा आर0सी0सी0 रोड के बीच में 50 मीटर लम्बाई में नाली का निर्माण कराकर तालाब में जल निकासी हेतु |

जोड़ दिया गया है। शेष 120 मी0 मार्ग में से 100 मीटर मार्ग सही अवस्था में है, जिस पर वर्तमान में पुनर्निर्माण की आवश्यकता नहीं है। आर0सी0सी0 मार्ग के बीच में 20 मी0 मार्ग क्षतिग्रस्त है, जिसे धनराशि के अभाव में मरम्मत नहीं कराया जा सका है। ग्राम पंचायत में धनराशि की उपलब्धता होने पर आर0सी0सी0 रोड की मरम्मत एवं नाली का निर्माण करा दिया जायेगा।

**(ग) यदि हाँ, तो कब?**

उपरोक्तानुसार।

**(घ) यदि नहीं, तो क्यों?**

वर्तमान में ग्राम पंचायत में 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत रूपये 2,91,855.00 तथा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत रूपये 3,16,248.00 की धनराशि उपलब्ध है। उपलब्ध धनराशि में रूपये 2.0 लाख आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण हेतु बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा दिया गया है, जिसमें ग्राम पंचायत अंश के रूप में रूपये 2.0 लाख की धनराशि व्यय की जायेगी तथा रूपये 2.0 लाख का भुगतान पंचायत भवन निर्माण का अवशेष है।

**केशव प्रसाद मौर्य**
**उप मुख्यमंत्री।**